आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- श्रावण माह के पहले सोमवार पर काशी विश्वनाथ धाम ज्योतिर्लिंग सहित प्रदेश के सभी शिव मंदिरों पर दर्शन पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी शिवभक्तों को दीं शुभकामनाएं।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की प्रतिमा अनावरण समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल की भूमिका को सराहा, कहा–ब्रह्मोस मिसाइलों के उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद इसकी वैश्विक मांग बढ़ी।
- रेल यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय ने चौहत्तर हजार बोगियों और पंद्रह हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने को दी मंजूरी।
- प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक, कहा– सभी उर्वक केंद्रों पर सुनिश्चित की जाए यूरिया और डीएपी की समुचित उपलब्धता।

**********

श्रावण माह के पहले सोमवार पर प्रदेश के काशी विश्वनाथ धाम स्थित ज्योतिर्लिंग सहित सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन और जलाभिषेक कर रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर और अयोध्या के क्षीरेश्वरनाथ मंदिर तथा अन्य सभी प्रमुख शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रावण माह के पहले सोमवार पर भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में कावड़िये भी प्रदेश के कई प्रमुख शिव मंदिरों पर पहुंचे रहे हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी शिव भक्तों को श्रावण माह के पहले सोमवार की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने भगवान शिव से विश्व के कल्याण की कामना की है।

वाराणसी जिले में सावन महीने में को लेकर कई विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहां के नगर निगम प्रशासन ने पूरे माह मांस और मछली की दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। वाराणसी में सावन के पहले सोमवार को बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा के पारंपरिक श्रृंगार की भी परम्परा है।

इस बीच, प्रदेश में कावड़ यात्रा से सम्बन्धित सभी जिलों में यातायात, सुरक्षा और कावड़ शिविर से सम्बन्धित विशेष व्यवस्था की गई हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अफसर सड़कों पर उतर कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। मेरठ जिले को जोन और सेक्टर में बांट कर कावड़ यात्रा की सुरक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस वर्ष महिला कांवड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दस हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी तैनात की गई हैं। साथ ही महिला हेल्पडेस्क भी बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट–

**पुलिस विभाग की ओर से प्रदेश भर में कांवड़ यात्रा के लिए छाछठ हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, इनमें महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी लगभग पंद्रह प्रतिशत है। कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश की सभी क्विक रिस्पांस टीम में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश के 11 जोन में बनाये गये विशेष कंट्रोल रूप और चौबीस घंटे सातो दिन हेल्पलाइन नम्बरों को भी महिला पुलिसकर्मियों के माध्यम से मॉनीटर किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।**

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में ब्रह्मोस मिसाइलों की माँग बढ़ी है। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कल नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्ता की प्रतिमा के अनावरण के बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि चौदह देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल की माँग की है और लखनऊ से इसका निर्यात भी किया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**दुनिया के लगभग 14–15 देशों ने भारत से ब्रह्मोस मिसाईल की मांग की है। ब्रह्मोस मिसाईल अब लखनऊ से भी एक एक्सपोर्ट की जाएगी। यह फैसल्टी रक्षा शेत्र में मैं समझता हूँ, हमारे देश की जो हमारी आत्मनिर्भरता है, उसको मजबूती देगी और साथ ही इससे रोजगार का भी सृजन होगा और मेरा प्रयास यही है कि यहां और इंडस्ट्री भी आएं, ताकि लखनऊ के साथ–साथ प्रदेश का भी तेजी से विकास हो।**

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने चंद्रभानु गुप्ता के सम्मान में एक डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रशंसा भी की।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा आज शुरू हो रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री कल दोपहर

लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगे। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और उन्नीस सौ चौरासी में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए।

**********

रेलवे ने रेलगाडियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रेल इंजनों और बोगियों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के कार्य की समीक्षा की। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**कोच में कैमरा लगाने से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। इनसे उपद्रवियों को पहचानने में मदद मिलेगी। यात्रियों की निजता को ध्यान में रखते हुए ये कैमरे बोगियों के दरवाजों के पास लगाए जाएंगे। श्री वैष्णव ने सभी 74 हजार बोगियों और 15 हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को मंजूरी दी है। प्रत्येक कोच में चार डोम टाइप सीसीटीवी कैमरा और रेल इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएंगे। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से करिश्मा रॉय।**

**********

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और खराब गुणवत्ता वाले उर्वरकों के मुद्दे पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस सम्बन्ध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखा है। एक रिपोर्ट–

***केंद्र सरकार ने कहा कि राज्यों की जिम्मेदारी है कि वह सही जगहों और स्थान पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। राज्यों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है, जिसमें लाइसेंस रद्द करना और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शामिल है। सरकार ने सभी राज्यों से नकली और घटिया किस्म की इनपुट की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए राजव्यापी अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। सरकार ने उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी के साथ–साथ परीक्षण के माध्यम से नकली उत्पादों पर सख्त नियंत्रण का आह्वान किया है। राज्यों को असली और नकली उत्पाद की पहचान करने के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने का आग्रह भी किया गया है। सुपर्णा सेकिया की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बैठक की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि अगले पंद्रह दिनों तक प्रतिदिन सुबह दस बजे सभी जिलाधिकारी, कृषि, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करें साथ ही यह सुनिश्चित करें कि सभी उर्वरक वितरण केंद्रों पर यूरिया और डीएपी की समुचित उपलब्धता बनी रहे।

मुख्य सचिव ने चेतावनी दी कि एक भी केंद्र खाद से खाली नहीं होना चाहिए। जैसे ही किसी केंद्र पर स्टॉक अस्सी से नब्बे फीसदी तक समाप्त हो, तुरंत नया स्टॉक पहुंचाया जाए। उर्वरकों की बिक्री पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। दुकानदारों को प्रत्येक किसान को खरीद की रसीद देना अनिवार्य होगा और किसी भी स्थिति में उर्वरक की बिक्री निर्धारित विक्रय मूल्य से अधिक पर न हो।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर हल्की से लेकर तेज बारिश का क्रम जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज से सत्रह जुलाई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना व्यक्त की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कल से सत्रह जुलाई तक यही स्थिति रहेगी। पश्चिम के कई जिलों में आज भी कुछ स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना बनी हुई है।

इस बीच, राज्य में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश और बाधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई जिलों में नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। इससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है।

**********